तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025



12 अश्वनी ने किया गौठान पहुंच मार्ग निर्माण ...





13 बैलगाड़ी पर बारात ने किय आकर्षित






## खबर संक्षेप

### रिवाडीह में ट्रांसफार्मर खराब, 5 दिनों से बिजली बंद

**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी के अंतर्गत ग्राम रिवाडीह के ग्रामीण विगत पांच दिनों से बिजली बंद से परेशान है। बिजली के अभाव में पंखा, पम्प, मशीनरी सभी बंद होने से सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार विद्युत विभाग को इसकी सूचना दी जा रही है। उसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं निकला जा रहा हैं। गांव के किसानों ने रबी फसल एवं सब्जी लगाए हुऐ हैं। बिजली नहीं होने के कारण पानी का सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिससे सब्जी एवं धान का फसल सूखने लगी हैं, जिससे किसान चिंतित हैं। किसान उधारी बड़ी कर यह कार्य किऐ हुऐ हैं। यदि ऐसी स्थिति रही तो हमाराज्यादा नुकसान हो जाएगा, जिसके चलते हम कर्जदार हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर प्रशासन तत्काल लगवाएं ताकि सुचारू ढंग से कार्य हो सके।

### डॉ. मोहन बने जिला पंचायत के सभापति

**बलौदाबाजार।** जिले की राजनीति में एक नया अध्याय जुड़ गया है। डॉ. मोहन लाल वर्मा को बलौदा बाजार जिला पंचायत का सभापति नियुक्त किया गया है। सहकारिता एवं उद्योग सभापति के रूप में उनका चयन क्षेत्र के



विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय जनता, समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें इस पद पर आसीन होने पर बधाई दी हैं। सोशल मीडिया और शहर भर में पोस्टरों के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। लोगों को उम्मीद है कि डॉ. वर्मा अपने अनुभव और कार्यकुशलता से जिले में सहकारिता और उद्योग क्षेत्र को नई दिशा देंगे। डॉ. मोहन लाल वर्मा ने कहा कि वह जनता के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और जिले के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहेंगे।

### सेजेस पवनी में प्रवेश के लिये लाटरी 10 को

**पवनी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पवनी में सत्र 2025–26 में प्रवेश के लिये आनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में से रिक्त सीटों के लिए 10. मई को प्रातः 10 बजे लाटरी पद्धति से चयन किया जाएगा। इसमें पालक भी उपस्थित रह सकते हैं। उक्त जानकारी विघालय के प्राचार्य ए. के.साहू ने दिया।

### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविरों का आयोजन

**बलौदाबाजार।** प्रदेश में अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना है। योजना अंतर्गत रोजमेरटा टेक्नोलॉजिस लिमिटेड रायपुर कंपनी को शासन द्वारा इस कार्य के लिए अधिकृत किया गया है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए शिविर का आयोजन जिला परिवहन कार्यालय बलौदा बाजार में निरंतर जारी रहेगा। 8 मई से 7 जून 2025 तक आस्था कम्प्यूटर महरानी चौक एफसीआई गोदाम के सामने भाटापारा, 10 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार, 12,13 एवं 14 मई को जनपद पंचायत कार्यालय पलारी में शिविर लगेगा। इसके अलावा 15,16 एवं 17 मई को जनपद पंचायत कार्यालय कसडोल में शिविर लगाया जाएगा।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम रिसेकला में शराब लोगों को अपने किराना दुकान में शराब पीने की सुविधा देने वाले जयपाल डडसेना के खिलाफ सरायपाली थाने में कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# राजस्व मंत्री के हाथों जिले के टॉपर्स सम्मानित, छात्रों ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शिक्षा के क्षेत्र में बलौदाबाजार–भाटापारा जिले ने इस वर्ष नया कीर्तिमान रचते हुए राज्य स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में जिले ने न केवल श्रेष्ठ परिणाम हासिल किए, बल्कि प्रावीण्य सूची में भी 5 होनहार छात्रों ने स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। इन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने गुलदस्ता एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

▶▶ शेष पेज 12 पर

## हाई और हायर सेकंडरी परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता



### सम्मानित मेधावी छात्र-छात्राओं में

| | |
|---|---|
| लिव्यांश देवांगन | कक्षा 10वीं, 99 प्रतिशत (द्वितीय स्थान) |
| कंचनबाला गेण्डरे | कक्षा 10वीं, 98.33 प्रतिशत (छठवां स्थान) |
| साक्षी अग्रवाल | कक्षा 10वीं, 98 प्रतिशत (आठवां स्थान) |
| हिमेश कुमार यादव | कक्षा 12वीं, 97.प्रतिशत (चौथा स्थान) |
| लूभी साहू | कक्षा 12वीं, 97 प्रतिशत (चौथा स्थान) |

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, डीईओ हिमांशु भारतीय, जिला स्काउट एवं गाइड अध्यक्ष रामाधार पटेल तथा छात्र–छात्राएं और अभिभावकगण उपस्थित थे।

**मुख्य रणनीतियां** पाठ्यक्रम की समय पर पूर्णता व दोहराव कमजोर विद्यालयों व छात्रों की पहचान कर उपचारात्मक शिक्षा टॉप परफॉर्मर छात्रों के लिए व्हाट्सएप आधारित सपोर्ट सिस्टम उत्कृष्ट शिक्षकों को जरूरतमंद स्कूलों में भेजा जाना नियमित प्रगति समीक्षा व परिणाम आधारित निगरानी इन ठोस प्रयासों के चलते पहली बार जिले ने प्रावीण्य सूची में पांच स्थान प्राप्त किए, जो कि शैक्षणिक गुणवत्ता की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### शिक्षा में सफलता का सूत्र सुनियोजित रणनीति

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई रणनीति जिले की इस सफलता का आधार बनी। जुलाई से शुरू हुए मासिक मूल्यांकन, तिमाही और छमाही परीक्षाओं का आयोजन, विषय–विशेषज्ञों द्वारा तैयार प्रश्न बैंक, ब्लू प्रिंट आधारित प्री–बोर्ड परीक्षा तथा सतत डाउट क्लियरिंग सत्रों ने विद्यार्थियों की तैयारी को सशक्त किया।

### परिणाम में ऐतिहासिक उछाल

इस वर्ष छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में कक्षा 10वीं का परिणाम 81.69 प्रतिशत और कक्षा 12वीं का परिणाम 86.51 प्रतिशत रहा, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 13 और 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है।

### गिरोह का मुख्यालय गोवा के बोगमालो क्षेत्र में स्थित था, जहां से पूरा रैकेट संचालित हो रहा था

# अंतर्राज्यीय ऑनलाइन आईपीएल सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, 15 आरोपी गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाटापारा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा के बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 15 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना भाटापारा शहर में धारा 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत पंजीबद्ध इस प्रकरण की विवेचना के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा तीन प्रमुख सट्टा पैनल 'खेलो यार', 'आरबीसी 139' और 'वीनबज 7' के माध्यम से देशभर में ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था। गिरोह का मुख्यालय गोवा के बोगमालो क्षेत्र में स्थित था, जहां से यह पूरा रैकेट संचालित हो रहा था।

पुलिस को तकनीकी विश्लेषण से मिली जानकारी के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अभिषेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा हेमसागर सिदार एवं एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू के मार्गदर्शन में संयुक्त पुलिस टीम ने गोवा में योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी और आरोपियों को रंगे हाथों मोबाइल, लैपटॉप, टीवी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया।

इस कार्रवाई में 8,15,000 मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तथा विभिन्न बैंक खातों को जब्त किया गया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इन खातों के जरिए करोड़ों रुपये का ऑनलाइन लेनदेन किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तरप्रदेश के निवासी शामिल हैं, जिनकी पहचान इस प्रकार है गिरफ्तार आरोपियों को गोवा से बलौदाबाजार लाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह के तार और भी कई राज्यों तक जुड़े हो सकते हैं। मामले की गहन विवेचना जारी है।



**गिरफ्तार आरोपियों**

1. अमन देवांगन (दुर्ग, छत्तीसगढ़)
2. गौरव पांडे (रीवा, मध्यप्रदेश)
3. चंद्रशेखर चौबे (रायपुर, छत्तीसगढ़)
4. एजाज शेख (शोलापुर, महाराष्ट्र)
5. दीपक सबलानी (भाटापारा, छत्तीसगढ़)
6. सौरभ शुक्ला (भिलाई, छत्तीसगढ़)
7. अर्पित जैन (दुर्ग, छत्तीसगढ़)
8. फैजान खान (नागपुर, महाराष्ट्र)
9. जेसन स्टेनिसलास (नागपुर, महाराष्ट्र)
10. प्रदीप यादव (दुर्ग, छत्तीसगढ़)
11. मनीष पाटिल (अमरावती, महाराष्ट्र)
12. फुरकान अहमद (अमरावती, महाराष्ट्र)
13. एहसान अली (भदोही, उत्तरप्रदेश)
14. अनुराग तिवारी (सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश)
15. कपिल हबलानी (भाटापारा, छत्तीसगढ़)

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 6 स्थानों पर समाधान शिविर लगेगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत 9 मई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 6 स्थानों पर लोक समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 मई को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत खटियापाटी में आयोजित होने वाले शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत डोटोपार, जुड़ा, खैंदा ड, खटियापाटी, मेढ़, नयापारा, जामडीह, सुढेला, सुढेली और लवनबंद के निवासी शामिल होंगे। विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथीडीह शिविर में ग्राम पंचायत गुड़ाघाट, खपरी स, कोनी, भोथीडीह, मोपकी, निपनिया, पथरिया और सिलवा के ग्रामवासी शामिल होंगे। समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन के सुशासन अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

### कसडोल, पलारी व सिमगा विकासखंड

विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत असनींद शिविर में ग्राम पंचायत आमाखोहा, बम्हनी, बिलारी क, हटौद, खर्री, खर्वे, असनींद, कोसमसरा क, सेमरिया, टेमरी, मोतीपुर और बैगनडबरी के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेरा शिविर में ग्राम पंचायत अछोली, अमेरा, बिनौरी, छड़िया, छेरकापुर, केसला, कोसमंदा, कोसमंदी, रसौटा और छेरकाडीह के निवासी शामिल

▶▶ शेष पेज 12 पर

# रेडक्रास दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा जिले में विभिन्न सामाजिक और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर इस वर्ष भी 8 मई को जिले में रेडक्रॉस दिवस प्रेरणादायक गतिविधियों के साथ मनाया गया।

- शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त संकलित किया गया

कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय नगर भवन में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा, चिकित्सकीय स्टाफ, शिक्षकों, विद्यार्थियों और युवा वर्ग ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त

▶▶ शेष पेज 12 पर

# खेल जीवन का है अभिन्न अंग, आत्मविश्वास से खिलाड़ी करें अभ्यास, सफलता जरुर मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को बलौदाबाजार स्थित इंडोर स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन समर कैम्प 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। समर कैम्प का आयोजन 8 मई से 6 जून तक प्रतिदिन सुबह और शाम दो–दो घंटे किया जाएगा।

- खेल मंत्री टंकराम ने किया समर कैम्प का शुभारंभ, खिलाड़ियों को किया प्रेरित

▶▶ शेष पेज 12 पर



### कांक्रीट नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

अपने बलौदाबाजार प्रवास के दौरान मंत्री वर्मा ने सर्किट हाउस के पीछे प्रस्तावित कांक्रिट नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूजा–अर्चना के साथ किया। यह कार्य लगभग 18 लाख की लागत से नगर पालिका बलौदाबाजार द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, पार्षद प्रिया शशिभूषण शुक्ला सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय निर्यात जागरुकता कार्यशाला, 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विदेश व्यापार संस्थान कोलकाता, सीएसआईडीसी रायपुर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बलौदाबाजार के सहयोग से एक दिवसीय जिला स्तरीय निर्यात जागरुकता कार्यशाला का आयोजन बलौदाबाजार में किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्यात के लिए उत्पादों और बाजारों की पहचान तथा निर्यात के लिये आवश्यक दस्तावेजीकरण के बारे में कोलकाता के विशेषज्ञ टीम द्वारा



उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में उद्यमियों को निर्यात के प्रति सकारात्मक रूप से प्रभावित किया और प्रेरित किया। इस अवसर पर आईआईएफटी कोलकाता के प्रोफेसर के रंगराजन, ईएफसी समन्वय सुश्री सुमनादास, महाप्रबंधक उद्योग श्रीमती गुणेश्वरी साहू, चौम्बर ऑफ कॉमर्स भाटापारा से दिलीप सबलानी एवं अजय सचदेव उपस्थित थे।

### समितियों की कार्यप्रणाली और अधिकार की दी जानकारी

# जिपं में स्थायी समितियों के लिए सभापतियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 47 एवं सहपठित नियमों के तहत जिला पंचायत में स्थायी समितियों के गठन एवं सभापति चुनाव के लिए जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी दिव्या अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अकांक्षा गोलू जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। पीठासीन अधिकारी द्वारा सभी सदस्यों की उपस्थिति स्वीकार की गई एवं समितियों के गठन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। धारा 47(1) के अंतर्गत पांच मुख्य स्थायी समितियां, सामान्य प्रशासन, कृषि, शिक्षा, संचार व संकर्म तथा सहकारिता और उद्योग तथा धारा 47(2) के अंतर्गत अतिरिक्त समितियां, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास, वन एवं पर्यावरण, कौशल विकास उन्नयन, सूचना प्रौद्योगिकी और खेल एवं युवा कल्याण गठित की गईं। समितियों में सदस्यों की संख्या का निर्धारण संकल्प द्वारा किया गया, जिसकी

▶▶ शेष पेज 12 पर




| समिति का नाम | सभापति सदस्य का नाम |
|---|---|
| सामान्य प्रशासन समिति | अकांक्षा गोलू जायसवाल |
| कृषि समिति | इंदू जांगड़े |
| शिक्षा समिति | पवन साहू |
| संचार तथा संकर्म समिति | ईशान वैष्णव (बिट्टू) |
| सहकारिता और उद्योग समिति | डॉ. मोहनलाल वर्मा |
| स्वच्छता समिति | शशि आनंद बंजारे |
| स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास समिति | दीप्ति गोविंद वर्मा |
| वन एवं पर्यावरण समिति | गीता डोमन वर्मा |
| कौशल विकास उन्नयन समिति | राजा जायसवाल |
| सूचना प्रौद्योगिकी समिति | दामिनी कुंजाम |
| खेल एवं युवा कल्याण समिति | गायत्री बेदराम बरिहा |




## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर, सिविल सोसायटी ने माना अभार

**रायपुर।** जन भावना का आदर करते हुए पहलगाम आंतकी हमले के बदले चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सोसायटी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है। सोसायटी के संयोजक डा. कुलदीप सोलंकी ने चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ को पत्र लिखकर कहा है कि जल्दी ही आम जनता के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। सिविल सोसायटी के डाक्टर एवं अन्य सदस्य किसी भी आपदा में कहीं भी, कभी भी सेवा देने हेतु हमेशा तत्पर है।

### 'एप्सो' आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में सरकार के साथ

**रायपुर।** अखिल भारतीय शांति एवं एकता संगठन की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई ने आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों को निशाना बनाकर किए गए सैन्य अभियान का समर्थन किया है। उनके द्वारा भारतीय नागरिकों के जीवन को खतरे में डालने वाले खतरों को बेअसर करने में भारतीय सैन्य बलों की व्यावसायिकता और सटीकता की सराहना करती है। एप्सो राज्य इकाई के सचिव अरुण कान्त शुक्ला ने कहा कि एप्सो हमेशा से कहता आया है कि दक्षिण एशिया में शांति का दीर्घकालिक समाधान संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करने में निहित है। आतंकी शिविरों का विनाश हिंसा की ताकतों के लिए एक झटका है।

### अधर्म में रुचि होने से होता है दुख : इंदुभवानंद



**रायपुर।** विधानसभा आवासीय परिसर जीरो पॉइंट में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पूज्य यतिप्रवर 1008 डॉ. स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि अधर्म में रुचि होने से दुख की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत के विदुर मैत्रेय संवाद को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि, मनुष्य जब दुखी होता है तब घबराता है, लेकिन उसे घबराना तो तब चाहिए जब वह दुखजनक काम करता है। चोरी करते समय तो मनुष्य घबराते नहीं है, जब सजा मिलती है, तब घबराता है, इसलिए दुख से बचने का उपाय दुखजनक कर्मों का परित्याग ही है, जब तक आप दुख जनक कर्मों का पर त्याग नहीं करेंगे, तब तक आप कदापि सुखी नहीं रह सकते है। कथा के पूर्व शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने बेदी पूजन संपन्न कराया तथा यजमान प्रभाकर मिश्रा एवं उनकी धर्मपत्नी सुलोचना मिश्रा ने पोथी का पूजन कर आरती की। उन्होंने कहा कि वास्तव में सुख दुख मन का धर्म है, मन के प्रसन्न रहने से सुख की प्राप्ति होती है और मन के दुखी रहने से दुख की प्राप्ति होती है। सुख दुख किसी भी वस्तु से नहीं मिलता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, केस दर्ज

रायपुर। सिविल लाइंस पुलिस ने एक्सीडेंट में एक युवक की मौत के मामले में जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 11 मार्च को राजातालाब के पास एक्सप्रेस-वे ब्रिज पर हुई थी। मनीष शिंदे निवासी बच्चन कॉलोनी गुढ़ियारी का रहने वाला था। घटना के समय मृतक एक्टिवा से जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस घटना की जांच के बाद धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### मकान में धावा, 96 हजार के जेवर पार

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में एक मकान में चोरी हो गई। प्रार्थी खेमिन ठाकुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 28 मार्च से लेकर 29 अप्रैल के दौरान उसके कुकुरबेड़ा स्थित मकान में कोई चोर प्रवेश कर आलमारी में रखे सोने के जेवर चोरी कर ले गया। चोरी गए जेवर की कीमत लगभग 96 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

# हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की समीक्षा, कंपनी को दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को सचिव परिवहन सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश एवं अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर द्वारा राज्य में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त श्रेणी के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने के लिए समस्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारियों एवं अनुबंधित कम्पनियों मेसर्स रोजमार्टा एवं रियल मेजॉन के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक ली गयी। बैठक में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में पूर्व समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

## परिवहन सुविधा केन्द्रों को भी जोड़कर कार्य में तेजी लाएं

### आवेदकों को न हो परेशानी

बैठक में निर्देशित किया गया कि अनुबंधित कम्पनियां इस बात का विशेष ध्यान रखें की आवेदकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। आवेदकों को बहुत ही सरल, सुलभ तरीके से उनके पंजीकृत वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की व्यवस्था की जाए। किसी प्रकार के अनावश्यक विलंब होने की स्थिति में आवेदकों को पहले ही सूचित कर दिया जाए। बैठक में जानकारी दी गयी कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन के सम्पर्क नम्बर +911206457502, +911206457503 एवं रोजमाटा कम्पनी के सम्पर्क नम्बर +91-9818188721 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




### स्थायी कैंप लगाएं

वर्चुअल समीक्षा बैठक में जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर का अवलोकन करें तथा साथ ही इस कार्य में परिवहन सुविधा केन्द्रों को भी जोड़कर कार्य में तेजी लाएं। परिवहन कार्यालयों में नंबर प्लेट हेतु स्थाई कैम्प लगायें तथा मोबाईल टीम जिला परिवहन अधिकारियों के निर्देशानुसार महत्वपूर्ण स्थानों/लोकेशन में नंबर प्लेट लगाने के कार्य संपादित करें। मीटिंग में परिवहन विभाग की ओर से यूबीएस. चौहान संयुक्त परिवहन आयुक्त, मनोज ध्रुव उप परिवहन आयुक्त, युगेश्वरी वर्मा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा राज्य के सभी वरिष्ठ क्षेत्रीय, जिला परिवहन अधिकारी भी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु अनुबंधित कम्पनी रियल मेजोन की ओर से आशीष मिश्रा तथा रोजमाटा की ओर से अशोक शर्मा शामिल हुए।

### कंपनी से कहा काम में लाएं तेजी

वर्चुअल बैठक में अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को कार्य में तेजी लाने हेतु मैनपॉवर बढ़ाने, फिटमेंट सेंटरों की संख्या में वृद्धि करने के साथ प्रत्येक जिले के आरटीओ/डीटीओ को कंपनियों के साथ कैम्प टीम / शिविर लगाने और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट निर्माण सेंटर बढ़ाने के निर्देश दिये गये। अनुबंधित कंपनियों के अधिकृत टीम लीडर / स्टॉफ आवेदकों से उनके मोबाईल नंबर पर संपर्क कर अथवा एसएमएस के माध्यम से नंबर प्लेट फिटिंग की जानकारी दे, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये। नंबर प्लेट फिटिंग सेंटर में आवेदकों के बैठने, पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी किये जाने के निर्देश दिए गए।

## राजस्व मंत्री टंकराम ने विभागीय कार्यों की समीक्षा में अधिकारियों को दिए निर्देश

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने सभी जिम्मेदारी से काम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने राजस्व प्रकरणों का तेजी से निराकरण तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

राजस्व मंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार का तीसरा चरण चल रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं समाधान शिविरों एवं गांवो में पहुंच कर योजनाओं की जमीनी हकीकत से रूबरू हो रहे हैं। हमारी सरकार का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि सभी योजना धरातल पर पहुंचे और सभी पात्र हितग्राही योजनाओं से लाभान्वित हो। इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी का बेहतर प्रदर्शन करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को संवेदनशील बताते हुए सीमांकन, बटांकन, नामांतरण जैसे छोटे छोटे कार्यों को शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भूमि रजिस्ट्री के बाद नामांतरण को सुविधाजनक बनाने के लिए रजिस्ट्री के साथ ही पंजीयन सुविधा का शुभारम्भ किया है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल एवं निस्तारी की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करने कहा।

जिला अस्पताल न बने रिफरल सेंटर मंत्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए बड़ी संख्या में मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अस्पताल सुविधा सम्पन्न है और चिकित्सक भी मौजूद है, इसलिए यहां से गंभीर बीमारी का ईलाज उच्च संस्थाओ में कराने के लिए ही रिफर किया जाए। एम्बुलेंस संचालकों द्वारा यदि कमीशनखोरी जैसे मामले हों तो उस पर नियंत्रण करें। इसीतरह आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किसी अस्पताल में ईलाज के नाम पर लापरवाही हो रही हो तो अस्पताल का निरीक्षण कर आयुष्मान योजना में इम्पैनल होने के निर्धारित मापदंड की जांच करें और कमी मिलने पर डीइम्पैनल कराएं।

अवैध शारब बिक्री व परिवहन पर हो कड़ी कार्रवाई – मंत्री श्री वर्मा ने जिले में अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थो के बिक्री व परिवहन पर नियंत्रण के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि युवा नशे की लत से गलत कार्यो में संलिप्त हो रहे हैं जिससे समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसी भी प्रकरके मादक सामग्री के अवैध धंधा को पूरी तरह से समाप्त करें। आबकारी व पुलिस विभाग आवश्यक रणनीति बनाएं।

बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों की संख्या,निराकरण एवं समाधान शिविरों की जानकारी दी। उन्होंने राजस्व मंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

बैठक में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, मिथलेश डोंडे सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रांताध्यक्ष विक्रम ने शिवरतन से की मुलाकात और सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय ने भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा से भाटापारा में सौजन्य भेंट कर प्रभु श्रीराम के प्रतीक चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं प्रांताध्यक्ष ने युक्तियुक्तकरण से संकुल शैक्षिक समन्वयक को मुक्त रखने को लेकर ज्ञापन सौंपा। शासन के आदेश मंशा रूप जारी हुआ है जिसमें संकुल शैक्षणिक समन्वयक को एक सामान्य शिक्षक के रूप में युक्तियुक्तकरण में शामिल किया गया है। पूर्व सत्र 2014 में भी युक्तियुक्तकरण हुआ था जिसमें स्पष्ट आदेश था कि संकुल शैक्षिक समन्वयक को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखा जाए। प्राथमिक स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता को देखते हुए सभी प्राथमिक स्कूलों में कम से कम प्रधान पाठक सहित 5 शिक्षक अनिवार्य रूप से हो। तत्पश्चात दर्ज संख्या के अनुसार में शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की गई।

**'2008 के सेटअप का पालन किया जाए'**

2008 के सेटअप को यथावत रखा जाए सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। वहीं भाजपा उपाध्यक्ष शर्मा ने तत्काल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी सर से टेलीफोनिक चर्चा कर मांगों को पूरा करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक संघ के प्रांताध्यक्ष विक्रम राय, चंद्रभूषण सिंह ध्रुव प्रांतीय मीडिया प्रभारी, भाटापारा संकुल समन्वयक मुकेश देवांगन जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र बंजारे ब्लॉक अध्यक्ष भाटापारा, ओमप्रकाश लहरी ब्लॉक अध्यक्ष सिमगा, वैशाखूराम साहू कोषाध्यक्ष, तेजराम वर्मा, लक्ष्मी नारायण देवांगन, महेश शिवहरे, देव कुमार निषाद, संतोष दास मानिकपुरी, जीवन वर्मा, राजेश नामदेव लोचन नेताम, ओमप्रकाश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समन्वयक उपस्थित थे।

# पटेल के परिजनों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



आकस्मिक रोड दुर्घटना में मृत भगवतदयाल पटेल ग्राम बरेली विकासखंड कसडोलनिवासी विगत 7 वर्षों से मुख्यमंत्री निवास बंगले के कर्मचारी रहा। 4 मई को रोड दुर्घटना में मौत हो गई। उनके परिवार जनों को दुख की घड़ी में ढाढस बंधाने एवं हर संभव सहयोग करने के लिये 8 मई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उनके गृह ग्राम बरेली पहुंचे। जहां मृतक की पत्नी उमाबाई पटेल, पुत्री अंजलि एवं हेमलता भाई शेषनाथ एवं सभी परिवारजनों से भेंट की। विधायक कविता प्राण लहरे ने इस दुखद बेला में साथ खड़े रहने का भरोसा देते हुये सहयोग देने की बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री के साथ कसडोल विधायक संदीप साहू साथ थे। वनांचल ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, पूर्व कसडोल नगर अध्यक्ष नीलू चंदन साहू नगर पंचायत टुण्डरा से राजमहंत पी के घृतलहरे, पूर्व नगर अध्यक्ष मोतीराम साहू, गीताराम पटेल, सतीश साहू, युवल साहू, रविशंकर बंजारे, साधुराम देवांगन, माधव साहू, भुरूवा राम गोंड, रामशंकर पटेल, सुदामा पटेल सहित अंचल के जवाहर पटेल, जान मोहम्मद खान, सुकलाल निषाद, हेमलाल बरिहा, शालिक पटेल, रामकुमार नायक, डॉ. गजेन्द्र पटेल, मुरली मिश्रा, संतोष साहू आदि लोग भारी संख्या में शामिल रहे।

# अश्वनी ने किया गौठान पहुंच मार्ग निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर पालिका के अंतर्गत 49 लाख की लागत से स्वीकृत गौठान पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि नगरवासियों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति और क्षेत्र का समग्र विकास ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गौठान पहुंच मार्ग का निर्माण न केवल आवागमन को सरल बनाएगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और आजीविका संवर्धन को भी बल मिलेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है, जो न केवल गौठान तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगा, बल्कि पशुधन की देखरेख और कृषि कार्यों में सहयोग मिलेगा। इस प्रकार की आधारभूत सुविधाएं नागरिकों की आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

कार्यक्रम में सभापति गोविंद पटेल, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, पार्षद सतीश तलरेजा, मनीष मिश्रा, नंदकिशोर वैष्णव, संध्या राजेश साहू, भुवन सिंह ठाकुर, योगेश अनंत, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, आशिष टोडर, नीरा साहू, आयेशा खान, प्रकाश शर्मा, संतोष वैष्णव सहित अनेक गणमान्यजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। यह मार्ग निर्माण स्थानीय विकास को नई दिशा देगा और भविष्य में गौठान क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## पेज 11 के शेष

### राजस्व मंत्री के....

10वीं परीक्षा कुल 16852 में से 13768 परीक्षार्थी उत्तीर्ण, प्रथम श्रेणी 6319 द्वितीय 6594 तृतीय 855। 12वीं परीक्षा कुल 11217 में से 9704 परीक्षार्थी उत्तीर्ण, प्रथम श्रेणी 5267 द्वितीय 4167 तृतीय 270।

**बलौदाबाजार–भाटापारा अब शिक्षा में अग्रणी जिलों की कतार में:** इस प्रेरणादायक सफलता ने जिले को एक नई पहचान दिलाई है। यह परिणाम यह दर्शाता है कि सुनियोजित प्रयास, समर्पित शिक्षकवर्ग और मेहनती विद्यार्थी मिलकर कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं।

### कसडोल, पलारी व...

होंगे।विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलिहा शिविर में ग्राम पंचायत बुचीपार, दावनबोड़, दौरेंगा, कोलिहा, माचाभाट, मोहभट्ठा, मोतियारडीह, रोहरा, मर्राकोना, ढाबाडीह, रेंगाबोड़ और कुलीपोटा के निवासी शामिल होंगे।इसीतरह नगर पंचायत पलारी के सरस्वती चौक में शीतला वार्ड–6, गुरू घासीदास वार्ड–7, रानीसागर वार्ड–8, सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड–9 और डॉ. राममनोहर लोहिया वार्ड–10 के निवासी शामिल होंगे।

### रेडक्रास दिवस पर...

संकलित किया गया, जिसमें 3 महिला रक्तदाताओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस समिति द्वारा पुलिस पेट्रोलिंग स्टाफ को 10 प्राथमिक उपचार किट (फर्स्ट एड बॉक्स) वितरित किए गए, जिनका उपयोग सड़क दुर्घटनाओं के समय घायल व्यक्तियों को त्वरित प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पेट्रोलिंग स्टाफ को इस संबंध में प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा चुका है।

कार्यक्रम की एक और विशेष पहल के तहत टीबी से ग्रसित 43 नए मरीजों को पोषण आहार सहायता देने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत प्रारंभिक चरण में 10 मरीजों को खाद्य सामग्री की बास्केट वितरित की गई।

इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस समिति के चेयरमैन अरविंद शुक्ला, राज्यस्तरीय कोषाध्यक्ष संजय पटेल,सदस्य बुधराम अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, मोरध्वज श्रीवास्तव, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार वर्मा सहित नगर के गणमान्य नागरिक शालीन शुक्ला एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित ये जनसेवा कार्यक्रम समाज में मानवीय मूल्यों, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सेवा भावना को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं।

### जिपं स्थायी समितियों...

विवरणी निम्नानुसार है। प्रक्रिया अनुसार सामान्य प्रशासन समिति का सभापति जिला पंचायत अध्यक्ष पदेन होते हैं तथा शिक्षा समिति का सभापति उपाध्यक्ष पदेन होते हैं। अन्य समितियों के लिए पृथक–पृथक निर्वाचन आयोजित किए गए। इस प्रकार, जिला पंचायत बलौदाबाजार–भाटापारा में सभी स्थायी समितियों के गठन एवं उनके सभापति का निर्वाचन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### खेल जीवन का...

शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, स्काउट एवं गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी, अधिकारीगण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल मंत्री वर्मा ने कहा, "खेल जीवन का अभिन्न अंग है, हार–जीत से ऊपर उठकर नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। समर कैम्प के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को निखारें और भविष्य में प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें।"उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खेलों के प्रति युवाओं में रुचि बढ़ाने हेतु लगातार प्रयासरत है। ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर 3 करोड़ रुपये, रजत पदक पर 2 करोड़ रुपये एवं कांस्य पदक पर 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई है। इसके साथ ही बलौदाबाजार जिले को 'खेलो इंडिया' योजना के तहत फुटबॉल के लिए चयनित किया गया है, जो जिले के लिए गौरव की बात है।

# बोर्ड परीक्षा में सरखोर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय–सरखोर में बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। छात्र–छात्राओं ने विगत वर्षों से उत्कृष्ट परिणाम लाते हुए नीलम पिता दिलीप नारंगे ने 10वीं में 97.33 प्रतिशत लाकर विद्यालय एवं क्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं शिक्षक–माता–पिता का नाम गौरावित किया। कक्षा 12 वीं में भावना पिता शिव शंकर साहू ने 90.08 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर जगह बनाई। इसी प्रकार से कक्षा 10वीं में

द्वितीय स्थान पर संजना पटेल–83–16 प्रतिशत, समीर जांगडे 82 प्रतिशत, हिमेश कैवत्य 77–33 प्रतिशत, किरण चेलक 76.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप 5 में जगह बनाये है। 12 वीं में द्वितीय स्थान पर प्रिया केवट 86.8 प्रतिशत, तृतीय – सरिता केवट 85.8 प्रतिशत, चतुर्थ– विकास बंजारे 79.4 प्रतिशत, पंचम– अनिता भारती – 78.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। दोनों परीक्षा परिणाम पर प्राचार्य किशोर साहू, व्याख्यातागण–मातादीन साहू, योगेन्द्र कुमार सोनवानी रामेश्वर प्रसाद साहू, विजय कुमार, गोविन्द कुमार, चित्र देवी बर्मन, काजुला टण्डन, रचना साहू, हरिदेश्वर साहू, बुधकालीन इलरिसा शशिकला धीवर–ग्रेड–2 ने हर्ष व्यक्त किया है।

उसी प्रकार ग्राम पंचायत सरखोर के संरपंच–मोहन बंजारे, एसएमडीसी अध्यक्ष अंतराम साहू, दिलीप नारंगे, शिवशंकर साहू, शांति बाई कोसले जनपद सदस्य, मनोज कुमार साहू (संकुल समन्वयक) एवं समस्त पंच एवं ग्रामवासी सरखोर ने निद्यालय के इस उपलब्धि घर हर्ष एवं खुशी व्याप्त है।

# लाखागढ़ में दो पक्षों के बीच मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** लाखागढ़ में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में पिथौरा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पोमल कोसरिया निवासी लाखागढ़ ने बताया कि 7 मई की शाम 7 बजे इमाम बाडा वार्ड क्रमांक 01 में अपने मोटर सायकल का काम करवा रहा। तभी, सरपंच प्रियरंजन कोसरिया एवं उसके अन्य 04 भाई आशुतोष, किशोर, कैलाश, सोमेश ने मिलकर उसे और तारेंस कोसरिया के साथ मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 191(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के आशुतोष कोसरिया पिथौरा मैं ग्राम लाखागढ में रहता हूं कक्षा दसवी तक पढा हूं खेती किसानी का काम करता हूं ग्राम लाखगढ के पोमल कोसरिया, तारेंस कोसरिया द्वारा मुझे अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में एक लिखित पेश करता हूं कार्यवाही किया जाये आवेदक के आवेदन पर अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) BNS का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### टुंडरी में समाधान शिविर आज

**पवनी।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण में शुक्रवार 9 मई को समीपस्थ ग्राम टुंडरी में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। समाधान शिविर प्रातः 10 से शाम 3 बजे तक आयोजित किया जावेगा।

### टेकारी में 10 दिवसीय आदर्श रामलीला प्रतियोगिता शुरू




**सुहेला।** क्षेत्र के ग्राम टेकारी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 8 से 17 मई तक 10 दिवसीय आदर्श रामलीला प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की विशेष बात यह है कि इसमें गांव की मंडलियों और स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन और आदर्शों को नाटकीय रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को बनाए रखना ही नहीं, बल्कि गांव की छिपी हुई कलात्मक प्रतिभाओं को एक मंच देना भी है। आज की पीढ़ी मोबाइल और टीवी तक सीमित होती जा रही है, ऐसे में यह प्रतियोगिता एक प्रेरणास्रोत बन सकती है। आदर्श लीला मंडली, ग्राम टेकारी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। हर शाम ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्र होकर रामलीला का आनंद ले रहे हैं और कलाकारों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। ग्रामवासियों ने आयोजन समिति के इस प्रयास पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे भविष्य में भी जारी रखने की इच्छा जाहिर की है।

### लाखागढ़ और बागबाहरा के बीएसएनएल ऑफिस में चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** लाखागढ़ और बागबाहरा के बीएसएनएल ऑफिस में चोरी की घटनाएं हुई हैं। मामले को लेकर पिथौरा और बागबाहरा थाने में रिपोर्ट लिखाई गई है । पुलिस ने बताया कि लाखागढ़ बीएसएनएल आफिस से 6 मई की रात अज्ञात चोर द्वारा 4 नग कापर, पट्टी, कापर बेल 30 मी. 50 एमएम, तीन नग 4जी बीटीएस केबल 30 मी., पावर केबल 50 एमएम 10 मी., 25 एमएल केबल 20 मीटर 2जीबीटीएस केबल 20 मीटर कीमत करीबन 30000 रुपए के सामानों की चोरी कर ली गई। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै। इसी तरह 7 मई को बीएसएनएल ऑफिस बागबाहरा से 5 नग लिथियम बैटरी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

### विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में एवं डॉ राधेश्याम पटेल (प्रभारी, यूथ रेडक्रास सोसायटी) के मार्गदर्शन में विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य द्वारा प्राथमिक चिकित्सा उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी प्रभारी डॉ राधेश्याम पटेल ने रेडक्रॉस के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में बताया।

# बैलगाड़ी पर बारात ने किया आकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

बलौदाबाजार जिला अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत भवानीपुर में बुधवार को एक अनोखी बारात निकली। महंगाई और दिखावे के इस दौर में जब हर कोई आधुनिकता की चकाचौंध में डूबा है, ऐसे समय में बलौदाबाजार जिले के भवानीपुर गांव में एक विवाह समारोह ने समाज को एक नई सोच और पुरानी संस्कृति की याद दिला दी है। दरअसल, यहां एक अनोखी शादी उस वक्त चर्चा का विषय बन गई, जब साहू परिवार के फत्ते साहू के पुत्र दूल्हे उत्तम साहू ने शिवकुमार साहू कि पुत्री दुल्हन रमा साहू को लेने बैलगाड़ी से बारात निकाली। यह दृश्य न सिर्फ देखने वालों के लिए आकर्षक था, बल्कि भावनात्मक भी – क्योंकि इसने गांव के बुजुर्गों को पुराने समय की यादों से जोड़ दिया। दूल्हे से बात करने पर उन्होंने बताया कि वह अपने स्व. दादा घासू राम साहू की इच्छा पूरी करने अपनी शादी में घोड़े गाड़ी या महंगी कार की जगह बैलगाड़ी से दुल्हन के घर तक जाने का फैसला लिया और इस फैसले ने बुजुर्गों को अपने पुराने दिन याद दिला दिए। बारात को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उत्साह और उमंग के साथ पहुंचे। बाराती छत्तीसगढ़ का पारंपरिक गढ़वा बाजा में झूमते नजर आये।

- खुशी से झूम उठे बाराती, गड़वा बाजे की धूम पर जमकर झूमे

### लोगों में दिखी खुशी

गांव में जैसे ही बैलगाड़ियों से सजी यह बारात निकली, तो लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चे, युवा और बुजुर्ग– सभी इस दृश्य को देखकर रोमांचित हो उठे। बैल गाड़ियों पर पारंपरिक सजावट और ढोल–मांदर की थाप से वातावरण में एक अलग ही ऊर्जा फैल गई, जिसे देखने के लिए राह में गुजर रहे लोग भी रास्ता में रूख कर देखने लगे।



## 42 परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 32 छात्र-छात्राओं को मिली सफलता

# हाई स्कूल में लड़कियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरुवाडीह/सैहा/गुमा

दाऊ खुमान सिंह शासकीय च्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र–छात्राओं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी हुआ, जिससे छात्र–छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त शैक्षिक परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है।

कक्षा दसवीं में कुल 42 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें 32 छात्र छात्राओं ने सफलता प्राप्त किए। वहीं 4 छात्र पूरक एवं 6 अनुत्तीर्ण हुए।

कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या 21 रही तथा शेष 11 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्तर पर कक्षा दसवीं की परीक्षा में हेमेश्वरी यदु,पिता रामगोपाल यदु 88.17 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं के परीक्षा में शामिल 35 परीक्षार्थियों में से 33 छात्र छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल हुए। साथ ही एक छात्र पूरक और एक अनुत्तीर्ण हुए। इसमें से प्रथम श्रेणी से 24, द्वितीय श्रेणी से 8 एवं तृतीय श्रेणी में 1 छात्र उत्तीर्ण हुए।

कक्षा 12वीं में विद्यालय स्तर पर नीमा यादव पिता पंचराम यादव ने 85.4 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया।सभी छात्र–छात्राओं को उनकी कड़ी मेहनत की शुभकामनाओं के साथ शाला के प्राचार्य बीएल कोसले, व्याख्यता डीपी साहू, एसके खटकर, राजेश साहू, प्रमोद कुमार देवांगन, मिंज मैडम, चौहान मैडम, बंदेजी, भारद्वाज, खेलकूद प्रशिक्षक माडरे, स्काउट गाइड प्रशिक्षक योमेश साहू एवं समस्त शैक्षणिक परिवार एवं शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमनाथ वर्मा व ग्राम पंचायत गुमा के सरपंच चंद्रकांता होमेश साहू व सभी सदस्यों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।



## हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट





**खरोरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट व हॉयर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट 2025 परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसके अंतर्गत पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा 10वीं में दर्ज 197, सम्मिलित 196, जिसमें उत्तीर्ण 157, अनुत्तीर्ण 13, पूरक 27, प्रथम श्रेणी 85, द्वितीय श्रेणी 68 एवं तृतीय 4 परीक्षाफल का प्रतिशत 80.10 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा 12वीं से दर्ज संख्या 227, सम्मिलित 226, जिसमें उत्तीर्ण 219, अनुत्तीर्ण 01, पूरक 7 रहे। इसमें प्रथम श्रेणी 132, द्वितीय श्रेणी 85 एवं तृतीय श्रेणी 2 परीक्षाफल का प्रतिशत 96.90 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं से महावीर देवांगन 96.50 प्रतिशत हासिल कर प्रथम स्थान, काशी साहू 94.67 प्रतिशत द्वितीय स्थान, निगार अंजुम 93.17 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसी कड़ी में 10वीं में ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थी में सूरज कुमार 92.83 प्रतिशत, माया 92.50 प्रतिशत, मोनिका 91.33 प्रतिशत, भारती देवांगन 91.17 प्रतिशत, रागिनी साहू 90.83 प्रतिशत, व विद्या 90.33 प्रतिशत रहे।कक्षा 12वीं से प्रथम स्थान में डागेश्वरी साहू 90.40 प्रतिशत व प्रदीप कुमार महार 90.40 प्रतिशत, द्वितीय स्थान में कल्याणी ध्रुव 88.60 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान में प्रदीप बांधे 88.40 प्रतिशत रहे। इस परीक्षा परिणाम पर प्राचार्य रजनी मिंज एवं समस्त सदस्यों ने छात्रों को बधाई दी।

### युक्ता की उपलब्धि पर शहर गौरवान्वित

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में बलौदाबाजार नगर की छात्रा युक्ता सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कला संकाय (अंग्रेजी माध्यम) में नगर स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। युक्ता आरकेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बलौदाबाजार की छात्रा हैं। युक्ता ने कुल 500 में से 441 अंक प्राप्त किए हैं, जिससे उनका औसत 88.1 प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम श्रेणी अर्जित की है।



विषयवार अंक में हिंदी 82 अंक, अंग्रेजी 82 अंक, भूगोल 92 अंक, राजनीति विज्ञान 95 अंक, अर्थशास्त्र 90 अंक, पर्यावरण शिक्षा 48 अंक। युक्ता की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और नगरवासी गौरवान्वित हैं। उनके शिक्षकों का कहना है कि युक्ता पढ़ाई के साथ–साथ सहशैक्षणिक गतिविधियों में भी सक्रिय रही हैं। इस सफलता पर युक्ता ने अपने माता–पिता सुशीला सोनी एवं सुरेन्द्र सोनी और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि उनकी सफलता का श्रेय सतत अध्ययन, अनुशासन और परिवार के सहयोग को जाता है। विद्यालय के प्राचार्य विनय गुप्ता सहित समस्त शिक्षकों एवं छात्रों ने युक्ता को इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दी

## युवक ने बगैर दहेज रचायी शादी और समाज को दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

समाज में व्याप्त दहेज प्रथा के खिलाफ एक सराहनीय उदाहरण पेश करते हुए बेलटिकरी गांव निवासी लोकनाथ साहू ने बिना दहेज के शादी कर एक नई मिसाल कायम की है। लोकनाथ साहू ने अपने जीवन साथी के साथ मिलकर यह फैसला लिया कि वे न केवल इस कुप्रथा को नकारेंगे, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी देंगे।

लोकनाथ साहू, जो कि एक शिक्षित और जागरूक युवक हैं, ने बताया कि दहेज जैसी कुरीति न केवल महिलाओं को एक वस्तु के रूप में देखने की मानसिकता को बढ़ावा देती है, बल्कि यह कई परिवारों पर आर्थिक बोझ भी डालती है। उन्होंने कहा, अगर हम सच में समाज को बदलना चाहते हैं, तो इसकी शुरुआत हमें खुद से करनी होगी। मैंने तय किया था कि मेरी शादी बिना दहेज होगी और मेरी होने वाली पत्नी व उसके परिवार पर किसी प्रकार का कोई आर्थिक दबाव नहीं डाला जाएगा।

लोकनाथ साहू की यह पहल सिर्फ एक निर्णय नहीं थी, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन की शुरुआत है। ग्राम कटगी में मंगलवार 6 मई को विवाह समारोह में न तो कोई दिखावा हुआ और न ही अनावश्यक खर्च। पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ सादगीपूर्ण तरीके से शादी संपन्न हुई, जिसमें गांव के लोग, रिश्तेदार और शुभचिंतक शामिल हुए। सभी ने इस कदम की जमकर सराहना की।

लोकनाथ साहू की पत्नी तुलिका साहू स्वयं भी शिक्षित और आत्मनिर्भर हैं, ने बताया कि उन्हें गर्व है कि वे ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह कर रही हैं, जो सामाजिक बदलाव की दिशा में सोचते हैं। उन्होंने कहा, "हमारी शादी सिर्फ दो व्यक्तियों का मिलन नहीं है, बल्कि यह समाज को एक संदेश है कि खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए दहेज आवश्यक नहीं होता।"

इस अवसर पर गांव मंगल साहू, सोनसाय साहू, तिलेश्वर साहू, जगदीश साहू, गणपत साहू और सामाजिक पदाधिकारियो ने भी लोकनाथ की प्रशंसा की। पंचायत पदाधिकारियों ने भी कहा, लोकनाथ जैसे युवाओं से ही समाज में बदलाव संभव है। हम चाहते हैं कि अन्य युवक भी इससे प्रेरणा लें और दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त करें।

- पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ सादगीपूर्ण हुई शादी

## हायर सेकंडरी खम्हरिया का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने कक्षा 10 वी–12वी के परीक्षा परिणाम की घोषणा की, जिसके तहत शासकीय उच्च तर माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में कक्षा 10 वीं के परिणाम 97 प्रतिशत रहा। यहां कुल दर्ज संख्या 49, परीक्षा में बैठे 48, उत्तीर्ण हुए 47, पूरक रहे 2, जिसमें का कक्षा प्रथम स्थान रहा उर्वशी 513 अंक, द्वितीय स्थान दिब्या साहू 487, तृतीय स्थान रहा सुहानी 483, इसी प्रकार कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम 68 प्रतिशत रहा। कुल दर्ज संख्या 68, परीक्षा में शामिल हुए 66, पूरक 15 और अनुतीर्ण 8 रहे। इसमें कक्षा में प्रथम स्थान अनुराग 387, द्वितीय स्थान रहा दिपीका 345, तृतीय स्थान संगीता 343, कक्षा 12वीं के परिणाम संतोष जनक रहा। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणाम के लिए एस एल पटेल प्राचार्य एवं पूरा स्टाफ और प्रबंधन समिति के सदयों ने बधाई दी।



### सशिमं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**खरोरा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं 12वीं परीक्षा परिणाम 7 मई को जारी किया गया। इसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा से प्रथम स्थान काजल पिता पूर्णानंद वर्मा 86.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रेणुका पिता रेवाराम देवांगन 84.6प्रतिशत, तृतीय स्थान खोमेश पिता देवनाथ देवांगन 84. 2 प्रतिशत रहे। वहीं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में प्रथम स्थान ढालिनी पिता भगवती वर्मा 91.33 प्रतिशत द्वितीय स्थान पुष्पांजली पिता सुनील टंडन 91 प्रतिशत, तृतीय स्थान मानसी पिता जगदीश देवांगन 89.5 प्रतिशत रहे। उत्कृष्ट अंक प्राप्तकर विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्राचार्य अश्वनी पाटकर आचार्य दीदीयों एवं समिति रोहणीपुरम के अध्यक्ष वल्लभ लाहोटी व्यवस्थापक प्रकाश सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष मयंक बैस समिति के सदस्य निलेश अग्रवाल, शिल्पा डागा ने बधाई दी।

### 10वी में प्रेमचंद, 12वी में रमेश कक्षा में प्रथम

**अर्जुनी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुरी का बोर्ड परीक्षा परिणाम 10वीं का 86.3 प्रतिशत और 12वीं का विज्ञान समूह का 100 प्रतिशत एवं कला समूह का 99 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में कुल परीक्षार्थी 95 थे, जिसमें 24 प्रथम श्रेणी, 46 द्वितीय श्रेणी, 12 तृतीय श्रेणी, 13 अनुत्तीर्ण रहे। वही प्रेमचंद यादव 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम रहें। इसी प्रकार 12वीं में 53 परीक्षार्थी में से 28 प्रथम श्रेणी, 23 द्वितीय श्रेणी, अनुत्तीर्ण 1 पूरक 1 रहा। इसमें विज्ञान में रमेश कुमार पटेल 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तथा कला समूह मे राज ध्रुव ने 70.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने कक्षा में प्रथम स्थान बनाया। शाला के शिक्षक ममता शर्मा, गिरीश साहू, प्रकाश चंद्र निर्मलकर, मनीषा पुरेना मनीषा रानी साहू, राज किरण जांगडे, प्रियंका देवदत्त प्रदुमन जांगड़े, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष टकेश्वर ध्रुव, अमृत लाल ध्रुव, जमुना ध्रुव, संतोषी ध्रुव, आशा निषाद एवं संकुल समन्वयक प्रेम शंकर ध्रुव ने समस्त छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एक्सीडेंट में ट्रक ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** एनएच 53 चैनडीपा के पास खड़े ट्रक के पीछे से टकरा जाने से एक अन्य ट्रक के चालक की मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि ट्रक एमएच 21 बीएच 9765 का चालक अपने वाहन को नो पार्किंग जगह पर बिना संकेत दिए लापरवाही पूर्वक खड़ा किया हुआ। जिसके पीछे से बलांगीर ओडिशा से बल्ली (लकड़ी) लोड कर रायपुर की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 3515 टकरा गया। टक्कर से चालक दिनेश कुमार साहू पिता संतराम साहू (26 साल) परसदा रायपुर थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर की मौत हो गई।







13 वर्षों का शानदार सफर
भाटापारा का
13th anniversary
ऑफर 6 से 19 मई तक
सुमीत बाजार
OFFER ₹213
MRP ₹699 & above
मेन्स राउण्डनेक टीशर्ट
प्रति पीस
MRP ₹195 & above
2 से 14 वर्ष के गर्ल्स के लिये
गर्ल्स टीशर्ट
3 पीस
MRP ₹342 & above
जल मटका
5000 ml
2 पीस
MRP ₹419 & above
डबलबेड बेडशीट
पैंकिंग बेडशीट
प्रति पीस
OFFER ₹313
MRP ₹899 & above
मेन्स फार्मल शर्ट
प्रति पीस
MRP ₹495 & above
कोआर्ड सेट
सभी साईज में
प्रति पीस
MRP ₹599 & above
ट्रैवल बैग
प्रति पीस
MRP ₹599 & above
पिलो
2 पीस
OFFER ₹413
MRP ₹699 & above
मेन्स कोआर्ड सेट
प्रति पीस
MRP ₹495 & above
डिजिटल प्रिन्ट फ्रॉक कुर्ती
2 पीस
MRP ₹625 & above
टिफिन काम्बो सेट
लंच बॉक्स + बॉटल + बैग
प्रति पीस
MRP ₹649 & above
रेडीमेड पर्दा
आकर्षक डिजाइन्स में
प्रति पीस
OFFER ₹513
MRP ₹999 & above
मेन्स डेनिम जीन्स
प्रति पीस
MRP ₹495 & above
कुर्ती पेंट सेट
सभी साईज में
2 पीस
MRP ₹799 & above
कुर्ती पेंट सेट
दुपट्टा सहित
प्रति पीस
MRP ₹649 & above
कॉटन सिंगलबेड दोहड़
प्रति पीस
₹149 प्रति पीस वाला
डिजिटल प्रिंट कॉटन सिंगल बेड
बेडशीट
मात्र ₹13 में ले जाइए
प्रतिदिन सिर्फ पहले 200 ग्राहकों के लिए
प्रति व्यक्ति प्रति ग्राहक 1 पीस
ऑफर स्टॉक रहने तक
*नियम व शर्तें लागू.
सुमीत बाजार
ONLY AT :
सिटी सेंटर, भाटापारा
• गंज रोड, नवापारा राजिम • बलौदा बाजार रोड, खरोरा • इंडस इंड बैंक के सामने, बिलासपुर रोड, सिमगा